कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय बड़वानी (म.प्र.)

E-Mail ID - secdlsabrw@mp.gov.in
dlsa.barwani@gmail .com
Phone No. 917290-357465

क्र. /751/ स्था. / जिविसेप्रा / 2026 बड़वानी, दिनांक 15 / 04 / 2026

प्रति,

सहायक संचालक ,
जिला जनसम्पर्क अधिकारी
बड़वानी (म0प्र0)

प्रेस नोट (वाहन चालक भर्ती हेतु)

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुदान अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बड़वानी में बहुपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर वाहन चालक (Driver) के 01 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है ।

पद का संक्षिप्त विवरण :—

कमांक	विवरण	जानकारी
1	पदनाम	वाहन चालक (संविदा)
2	पद संख्या	01
3	मानदेय	12000 प्रतिमाह (सी श्रेणी जिला)

योग्यता एवं अन्य विवरण :—

कमांक	बिन्दु	विवरण
1	शैक्षणिक योग्यता	10 वीं उत्तीर्ण
2	आवश्यक योग्यता	वैद्य ड्राईविंग लाईसेंस (LMV)
3	अनुभव	समस्त व्हीकल चलाने एवं वाहनों के पार्टस एवं मेकेनिक का बैसिक ज्ञान आवश्यक है
4	शारीरिक क्षमता	अभ्यर्थी शारीरिक रूप से सक्षम हो
5	प्राथमिकता	स्थानीय क्षेत्र की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता

उपरोक्तानुसार मानदेय के आधार पर वाहन चालक के नियुक्ति के संबंध में निम्नानुसार शर्ते निर्धारित की जाती है :—

1— वाहन चालक की भर्ती निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित चयन प्रकिया के माध्यम से की जावें जिसमें व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा सम्मिलित हो । यह प्रकिया अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित समिति के माध्यम से सम्पन्न की जावे तथा भर्ती मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियम 2009 के नियम 6 (2) के अंतर्गत निर्धारित योग्यता एवं शर्तो के अनुसार की जावेगी ।

2— यह संविदा नियुक्ति हेतु अनुबंध प्रारंभ मे 02 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोष जनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण औरी निंरतरता की आवश्यकता के आधार पर

तत्पश्चात एक वर्ष के लिए बढाया जा सकेगा संविदा अवधि के पश्चात नियमित नियुक्ति या निरंतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

3— संविदा चालक की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक सिथति मे सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी । संविदा वाहन चालक भी एक माह का पूर्व नोटिस देकर या एक माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्यागपत्र दे सकेगा ।

4— संविदा चालक के कार्यो की समीक्षा समय—समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जावेगा और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरंतरता या विस्तार किये जाने के संबंध में विचार किया जा सकेगा ।

5— संविदा चालक की नियुक्ति की संपूर्ण कार्यवाही प्रधान जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया जावेगा ।

6— संविदा चालक को एक कलेण्डर वर्ष में 13 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी ।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों (ड्राईविंग लाईसेंस, पहचान पत्र अनुभव प्रमाण पत्र आदि) सहित दिनांक 15/04/2026 से आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 30.04.2026 सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बड़वानी के कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ।

नोटः— उक्त विज्ञप्ति जिला न्यायालय की वेबसाईट https://barwani.dcourts.gov.in/ पर भी प्रकाशित की गई है।

सचिव (न्यायाधीश)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय बड़वानी (म.प्र.)

आवेदन पत्र (Application Form)
वाहन चालक (संविदा हेतु)

01. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में :– ....

अंग्रेजी में :–..

02. पिता/पति का नाम :– ....

03. जन्म तिथि :– ....

04. आयु (दिनांक 15.04.2026) :– वर्ष .... माह .... दिन ....

05. श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.वर्ग.) प्रमाण पत्र संलग्न करे ।

06. स्थायी पता :– ....

07. पत्र व्यवहार का पता :– ....

08. मोबाईल नम्बर :–..

09. शैक्षणिक योग्यता :– ....

कमांक	परीक्षा	बोर्ड/संस्थान	वर्ष	प्रतिशत

10. ड्राइविंग लाइसेंस का विवरण–

कमांक	जारी तिथि	वैधता	जारीकर्ता प्राधिकरण

11. वाहन चलाने का अनुभव–

कमांक	संस्थान/व्यक्ति का नाम	कार्य अवधि	अनुभव (वर्ष/माह)

12. क्या आपको मेकेनिक का बेसिक ज्ञान है ।

हॉ ☐ नहीं ☐

13. क्या आप शारीरिक रूप से सक्षम हैं।

हॉ ☐ नहीं ☐

14. क्या आपको स्थानीय क्षेत्र की जानकारी है।

हॉ ☐ नहीं ☐

15. अन्य जानकारी (यदि कोई हो)–

16. यदि आवेदक के विरूद्ध न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण ....

घोषण (Declaration)

मैं यह घोषण करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरी अभयर्थिता निरस्त की जा सकती है।

दिनांकः–.....................................

स्थानः–.......................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

संलग्नः–

1. शैक्षणिक प्रमाण पत्र
2. ड्राईविंग लाइसेंस
3. पहचान पत्र
4. अनुभव प्रमाण–पत्र, अन्य दस्तावेज

नाम...............................